# 2.78 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरे

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** पिछले वर्ष फरवरी में हुए चौथे भूमि पूजन समारोह में हुए करार में से 2.78 लाख करोड़ का निवेश एक साल में धरातल पर उतर चुका है। करीब 7382 परियोजनाओं में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया है। 15.53 लाख को इससे रोजगार मिला है।

यह कहना है औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी का। वे विधान परिषद में एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव के सवाल का जवाब दे रहे थे। डॉ. मान सिंह ने मंत्री से पूछा था कि उनके विभाग ने वर्ष 2022 से वर्ष 2024-25 तक कितने युवाओं को रोजगार दिया और लक्ष्य के सापेक्ष कितनी सफलता मिली।

## चौथा भूमि पूजन समारोह विधान परिषद में औद्योगिक विकास मंत्री ने दी जानकारी

मंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना सुलभ बनाने के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का भी गठन किया गया है।

औद्योगिक विकास विभाग युवाओं को रोजगार देने के लिए आकर्षक वित्तीय प्रोत्साहन और अन्य सुविधाएं दे रहा है। वर्ष 2018 में हुए वैश्विक निवेश सम्मेलन में 1045 एमओयू हुए थे।

इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए जुलाई 2018, जुलाई 2019 और जून 2022 में भूमि पूजन समारोह हुए। मंत्री ने बताया कि वैश्विक निवेश सम्मेलन 2018 में किए गए एमओयू में से 70 फीसदी से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव क्रियान्वित हो चुके हैं। वर्ष 2022 के भूमि पूजन समारोह में कुल 1406 औद्योगिक इकाइयां शामिल हुई थीं। इनमें से 579 ने वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया।

इससे 2,20,805 रोजगार के अवसर पैदा हुए। फरवरी 2023 में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 33.52 लाख करोड़ रुपये के 19,250 एमओयू हुए थे। इसी क्रम में पिछले वर्ष फरवरी में चौथा भूमि पूजन समारोह हुआ था। इसमें 14,701 औद्योगिक इकाइयों ने हिस्सा लिया था। इन इकाइयों के निवेश से 33.58 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित हुए।